ऑल इंडिया नेशनल अवॉर्डिस एसोसिएशन की वर्चुअली मिटिंग हुई

झुंझुनूं, (निसं)। देश के महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री के कर कमलों से राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त सदस्यों के लिए ऑल इंडिया नेशनल अवॉर्डिस एसोसिएशन (आइना) का गठन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के राष्ट्रपति पुरस्कृत सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया।

ऑनलाइन मिटिंग की अगुवाई आइपास के संस्थापक व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित व उत्तरप्रदेश निवासी विपिन सोलंकी व संचालन बिहार के राशिद जुनैद के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्रवाई के लिए दिल्ली के मुकेश गौतम को कार्यकारी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश के गोलू शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी, राजस्थान के विकास गुर्जर को संगठन प्रभारी अस्थाई रूप से नामित किया गया। वहीं अस्थाई कार्यकारी सदस्यों के रूप में दिल्ली से अंबिका बहल, पंजाब के परविंदर कौर, गुरमिंदर कौर, यूपी से गीता शर्मा, बिहार से उदय भारती, रहमतुल्लाह ने भाग लिया।

आइना के गठन के संदर्भ में विपिन सोलंकी ने बताया कि आइना शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, स्काउट-गाइड, सेना, उद्योग, समाजसेवा, आर्ट, उद्योग, फिल्म इंडस्ट्री आदि क्षेत्र में देश के महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री या समकक्ष के कर कमलों व हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्राप्त व सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित सदस्यों की संस्था है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त सदस्यों को केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाले सेवाओं का लाभ दिलाना व देशभर के ऐसे सज्जनों को एक प्लेटफार्म पर लाकर सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देना है। एक प्रश्न के जवाब में बताया कि वर्ष 2008 में बतौर संस्थापक विपिन सोलंकी के द्वारा आईपा नामक संगठन का गठन किया गया था। जिसमें केवल राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ही सदस्य हो सकते थे। वहीं 2025 जनवरी को गठित आईना के गठन से देश भर के सभी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त सदस्यों को एक प्लेटफार्म पर लाकर समाज हित में कार्य करने में मदद मिलेगी। नामित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश गौतम ने बताया कि आईना की प्रथम राष्ट्रीय बैठक उत्तराखंड के नैनीताल जिले के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क रामनगर में आगामी 15 और 16 फरवरी को आयोजित होना है। जिसमें सभी क्षेत्र के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें संगठन की रूपरेखा, निबंधन एवं सभी राज्यों में कमेटी गठन पर अंतिम निर्णय लिया जाना है। वहीं आईना संस्थापक विपिन सोलंकी ने कहा कि ऑल इंडिया नेशनल अवार्डी एसोसिएशन (आइना) का गठन एक लम्बी प्रक्रिया के उपरांत संपन्न हुई है। जिसका संगठनात्मक विस्तार फरवरी में रामनगर नैनीताल की बैठक के निर्णयानुसार सभी राज्यों और जिलों में किया जाएगा। वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से विपिन सोलंकी, मुकेश गौतम, राशिद जुनैद, अंबिका बहल, गोलू शर्मा, विकास गुर्जर, गीतांजलि शर्मा, मोहम्मद रहमतुल्लाह, गीतांजलि कौर, उदय भारती, मनीष कुमार, परमिंदर कौर सहित अन्य शामिल थे।

चाइनीज मांझे की 500 चरखी मौके पर की जब्त

सीकर। चाइनीज मांझे से आए दिन हो रहे हादसों को लेकर जिला कलेक्टर ने सख्ताई दिखाई है। कलेक्टर के आदेश के बाद नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने चाइनीज मांझे की रोकथाम को लेकर एक संयुक्त टीम का गठन किया है। शहर में चाइनीज मांझा की खरीद खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग पर रोक के लिए टीम ने बुधवार को शहर में कार्रवाई शुरू की। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि गठित दल के संयुक्त तत्वावधान में धोद रोड पर स्थित वार्ड नं 24 में स्थित एक दुकान से चाइनीज मांझे की 500 चरखी बरामद की हैं। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझे बेचने वालो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई से यह संदेश दिया गया है कि चाइनीज़ मांझा बेचना और इसका उपयोग करना अब कानूनी अपराध होगा।

मकर संक्रांति पर गौशाला में होंगे गौसेवार्थ कार्यक्रम

■ निबंध प्रतियोगिता एवं मैजिक शो का भी होगा आयोजन

झुंझुनूं,। श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ दिवस संयोजक अशोक केडिया के संयोजन में मनाया जाएगा। जिसमें गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ गौ दान, गायों के लिए ब्रह्मपुरी (गाय रसोई), तुला दान, मीठा दलिया सवामन भोग, हरि चरी, हरी सब्जी, गुड़ एवं गाय गोद की विशेष व्यवस्था की गई है।

अल सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन सभी को भक्तों के लिए किया जाएगा। गौ माता की पूजा के लिए सप्त धेनु गौ परिक्रमा व नंदी परिक्रमा की व्यवस्था का भी गौ भक्त धार्मिक लाभ उठा सकेंगे। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर गौशाला में अपराह्न साढे पांच बजे से जादूगर जेपी गर्ग द्वारा जादुई करतब दिखाकर गौ भक्तों के लिए मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इसी दिवस पर चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान के संयोजन में गाय के गोबर की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति पर्व पर किया जाएगा। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकेंगे। जिन्हें 11:30 बजे से 12:30 बजे तकएक घंटे का समय निबंध लिखने के लिए दिया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता में निबंध लिखने की अधिकतम शब्द सीमा 100 शब्द, हिंदी भाषा में निबंध लिखना है। प्रतिभागी को निबंध लिखने के लिए चार्ट शीट एवं पेंसिल गौशाला में उपलब्ध करवाई जाएगी।

निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिनके निर्णय के अनुसार प्रथम विजेता को रूपए सात हजार एक सौ, द्वितीय विजेता को रूपए पांच हजार एक सौ रुपए एवं तृतीय विजेता को रूपए तीन हजार एक सौ रुपए नगद इनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इसी के साथ 51 सांत्वना पुरस्कार में गौ माता का प्रतीक चिह्न (फोटो) दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को 10 जनवरी 2025 तक गौशाला में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना है।

लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट ने किया पुलिस टीम का अभिनंदन

रतनगढ़,(निसं)। रतनगढ़ शहर मुख्य बाजार में हुई लगभग 3 करोड रुपए की चोरी की वारदात का खुलासा कर चोरों को पकड़ने पर लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट में पुलिस टीम का अभिनंदन किया । चूरू रोड स्थित गोपाल वाटिका में सम्मान समारोह में लायंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप धर्ड की अध्यक्षता में हुए सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ दिनेश कुमार,वृत्त अधिकारी रतनगढ़ अनिल पुरोहित, थाना अधिकारी रतनगढ़ दिलीप सिंह,लायंस क्लब प्रांतीय सचिव डॉ कमल वशिष्ठ, भामाशाह विवेक गौड, एडवोकेट संजय कटारिया समाजसेवी मनोज जोशी,स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष पवन तोषावड़, महेंद्र इंदौरिया मंचासीन अतिथि थे। समिति के अध्यक्ष प्रदीप धर्ड,सचिव एडवोकेट संजय कटारिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र की सबसे बड़ी चोरी की वारदात का खुलासा करने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की कर्मनिष्ठ की सराहना की । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ ने बताया कि पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए कड़ी से कड़ी जोड़कर अत्यधिक लगन व परिश्रम से कार्य कर चोरी का खुलासा किया।जिसमें पुलिस फोर्स में आधुनिक तकनीक के जानकार जवानों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

अनिल कुमार वृत्त अधिकारी रतनगढ़ ने बताया कि टीम भावना से पूरे जिले की पुलिस टीम ने चोरों को पकड़ने में मिलकर शानदार कार्य किया।मुख्य वक्ता प्रांतीय सचिव डॉक्टर कमल वशिष्ठ ने शानदार कार्य करने वाले पुलिस टीम के स्वागत समारोह को अनूठा कार्यक्रम बताया और कहा कि श्रेष्ठ कार्य करने पर अभिनंदन करने से पुलिस बल का मनोबल बढ़ेगा और प्रोत्साहन मिलेगा । उन्होंने लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा विश्व स्तर पर और भारत भर में पीड़ित मानवता की सेवार्थ किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम को थाना अधिकारी दिलीप सिंह , भामाशाह विवेक गौड़,जिज्ञासा चौधरी ने भी संबोधित किया।31 किलो की माला से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया गया। दुपट्टा, कंठाहार और मोमेंटो देकर पुलिस कर्मियों का अभिनंदन किया गया। गर्व मुरारका,भूमिका चौधरी, जिज्ञासा चौधरी का सीए बनने पर अभिनंदन किया गया।डॉ.जयकांत बिंवाल का नेपाल में अटल समरसता अवार्ड से सम्मानित होने पर अभिनंदन किया गया.पीएमओ डॉ. संतोष आर्य,ओमप्रकाश बैरवा का भी अभिनंदन किया गया। डॉ.पंकज शर्मा,डॉ. हीरालाल सोनी, विजय कुमार चोटिया का क्लब का नए सदस्य बनने पर अभिनंदन किया गया। सचिव एडवोकेट संजय कटारिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर सांवरमल तोषावड़, हर्ष यादव, पिन्टू धर्ड, गोपाल, दौलतराम दायमा,दारा सिंह पडिहार, ओमप्रकाश गोदारा,धर्मचंद सिंडोलिया ने सहयोग किया। शिक्षाविद् अंबिका प्रसाद हारित,अंजनी चोटिया, आशा गौड़, भारती मुद्गल ,कुलदीप चौधरी, सुरेश मुरारका, वासुदेव चाकलान अरुण रामगढ़िया और लायंस क्लब प्रेरणा,भारत विकास परिषद,देवकिशन सेवा समिति सहित नगर की अनेक संस्थाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ट्रांसमीशन लाइनों को लेकर किसान कंपनी आमने सामने

झुंझुनूं, (निसं) ।जिले के कई गांवों और खासकर किसानों के खेतों से होकर गुजर रही 765 केवी ट्रांसमीशन लाइन को लेकर काफी समय से किसान व कंपनी आमने-सामने है। मामले में पुलिस और प्रशासन जब कंपनी की पैरोकारी के लिए आता है तो किसान पुलिस व प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगा रहे है। बुधवार को इस मामले में पूरे जिले की संघर्ष समिति का गठन हुआ है। वहीं 10 मांगों को लेकर किसानों ने एक बार फिर कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

कलेक्टर को ज्ञापन देने गए संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ कलेक्टर रामावतार मीणा की दखल के बाद बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वार्ता हुई। लेकिन यह वार्ता बेनतीजा रही। दरअसल पूरे मसले की जड़ जमीन की कीमत या फिर किराया है। किसान संघर्ष समिति अब तक जिले में किसानों को दिए गए अधिकतम मुआवजे की कीमत पर अपनी जमीन की कीमत मांग रहा है। तो कंपनी व प्रशासन डीएलसी रेट का 200 प्रतिशत तक देने को तैयार है। किसान संघर्ष समिति जमीन की कीमत ना देने पर उसका मासिक किराया मांग रहा है। जिस पर कंपनी और प्रशासन सहमत नहीं है। ऐसे में वार्ता बुधवार को बेनतीजा रही। वार्ता में कॉमरेड कपिल ऐचरा, श्रवण मांडासी, महावीर देवगांव, रोहिताश राणासर, महेश झाझड़िया, मनोज डाबड़ी, विकास तोगड़ा, शीशराम कुलहरि, संदीप ऐचरा, सतीश पूनियां, महेश पूनियां, विकास शर्मा, आशुतोष तोगड़ा, महेंद्र ऐचरा, श्रीचंद आदि साथी उपस्थित रहे।

इससे पहले संघर्ष समिति ने 10 मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें कंपनी व प्रशासन के पास मौजूद सर्वे व अन्य दस्तावेजों की जानकारी प्रत्येक प्रभावित किसान को देकर पारदर्शिता बरतने, तहसील स्तरीय राजस्व अधिकारी व कम्पनी प्रतिनिधि सम्पूर्ण तहसील के प्रभावित किसानों के साथ बैठकर फसल और जमीन का एकमुश्त मुआवजा तय करने, मुआवजा राशि का निर्धारण जिले में गत पांच वर्षों में दिए गए फसल ओर जमीन के अधिकतम मुआवजे व किसान की सहमति के आधार पर तय करने, मुआवजा तय करते वक्त किसान के खेत में पोल या लाइन के नीचे आए किसी भी निर्माण, ट्यूबवैल, बगीचे और पेड़ों का मुआवजा भी किसान की सहमति से तय करने, सुनिश्चित किया जाए कि तय किया गया।

विशेष जाकरुकता शिविर आज

बीदासर। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के उद्यिमयों युवक युवतियों को आसान शर्तों एवं कम लागत पर ऋण प्रदान करने के लिए डाक्टर भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। जिला स्तर पर योजना का क्रियान्वयन कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र चूरू द्वारा किया जा रहा है। जिला उद्योग के महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा 10 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे नगर पालिका भवन बीदासर में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। गहनोलिया ने बताया कि शिविर में योजना की विस्तृत जानकारी के साथ साथ प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, विभागीय योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, आर्टिजन परिचय पत्र आदि की जानकारी की प्रदान की जायेगी, एवं पात्र व्यक्तियों के आवेदन तैयार करवायें जायेंगे। योजना के आवेदन करने के इच्छुक व्यक्ति अपने साथ जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, संस्था आधार, बैंक पास बुक कार्य की परियोजना रिपोर्ट लेकर शिविर में उपस्थित होंवे।

गणतंत्र दिवस समारोह 2025 की व्यवस्थाओं के संबंध में ली बैठक

■ समन्वय से दायित्व पूर्ण करें - जिला कलेक्टर

सीकर। गणतंत्र दिवस समारोह 2025 की पूर्व तैयारियों के संबंध में बुधवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने गणतंत्र दिवस समारोह की व्यवस्थाओं से जुड़े संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह स्थल जिला खेल स्टेडियम में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से पूर्ण कर सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को उत्साह व उमंग के साथ गरिमापूर्ण माहौल में जनसहभागिता के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक रूप से समारोह स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड व व्यायाम प्रदर्शन की तैयारी, समारोह स्थल पर पांडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, यातायात आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर सभी राजकीय कार्यालयों में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य समारोह स्थल पर प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मार्च पास्ट, महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, प्रशस्ति पत्रों का वितरण, शहीद विरांगनाओं का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों का प्रदर्शन तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन होगा। बैठक में आयोजन की रिहर्सल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, शहर भावना शर्मा, सीकर एसडीएम निखिल कुमार, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार, सरोज लोयल व्याख्याता डाईट, इतिहासकार महावीर पुरोहित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कार्मिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

103 चकरी चायनीज मांझा किया नष्ट

बीदासर। नगर पालिका प्रशासन ने जिला कलक्टर व उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार की देर शाम प्रतिबंधित चायनीज मांझे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 103 चकरी चायनीज मांझा जब्त कर भविष्य में चायनीज मांझा नही बेचने की सख्त चेतावनी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार स्वामी के नेतृत्व में पालिका की गठित टीम ने चायनीज मांझा बेचने के खिलाफ कस्बे के दड़ीबा स्थित पतंग डोर की शंकर लाल प्रजापत की दुकान पर टीम ने छापेमारी कर 103 चकरी चायनीज मांझा जब्त किया, तथा जब्त किए गए मांझों को पालिका कार्यालय परिसर में जलाकर नष्ट किया गया। कार्यवाही में पालिका की गठित टीम में ईओ मुकेश , सफाई जमदार अमित , विजेश रेगर, मुकेश पड़िहार, मुरली , राधाकृष्ण आदि कार्मिक उपस्थित थे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री दिनेश पुत्र श्री दौलतराम जाति जाट साकिन रामपुरा मटोरिया ने आवेदन कर अपने आवासीय भूखंड साईज 94.21 वर्गगज का नामांतरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहा है। उक्त भूखंड का मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा पालिका आदेश क्रमांक 1242 दिनांक 21.03.2023 को श्रीमती तम्मना पुत्री श्री श्योकत अली साकिन वार्ड नं. 30 रावतसर के नाम से साईज 94.21 वर्गगज का जारीशुदा है। मूल आवंटी द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 22.10.2024 के द्वारा प्रार्थी को साईज 94.21 वर्गगज का बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामांतरण दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनुज मटोरिया पुत्र श्री आदराम जाति जाट निवासी वार्ड नं.18 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने सैक्टर सब्जी मंडी का व्यवसायिक भूखंड सं. 117 साईज 10' गुणा 20' यानि 200 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री राजेन्द्र पुत्र श्री प्रेमचंद मोची के नाम से साईज 10' गुणा 20' का दिनांक 28.11.2007 द्वारा जारीशुदा है। श्री राजेन्द्र ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 01.10. 2008 द्वारा उक्त भूखंड श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री राजेन्द्र जाति सोनी को बैचान कर दिया। श्रीमती कृष्णा देवी ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.07.2023 द्वारा श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री सीताराम जाति कुम्हार को बैचान कर दिया। श्रीमती कृष्णा देवी ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.12.2024 द्वारा श्री अनुज मटोरिया पुत्र श्री आदराम को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांकः-.....

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पंकज कुमार पुत्र श्री मांगीलाल जाति खदरिया निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सैक्टर धानमंडी का व्यवसायिक भूखंड सं. 27 साईज 15' गुणा 60' यानि 900 वर्गफुट का नामान्तरण श्री पंकज कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार के नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा श्रीमान अतिरिक्त कलेक्टर एवं सचिव मंडी विकास समिति हनुमानगढ़ द्वारा श्री जगदीश राय पुत्र श्री चौथमल मितल के नाम से साईज 30' गुणा 60' का जारीशुदा है। श्री जगदीश राय ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.11.1990 द्वारा श्री मांगीलाल पुत्र श्री नौरंगराम को साईज 15' गुणा 60'(दक्षिणी हिस्सा) बैचान कर दिया। श्री मांगीलाल की मृत्यु दिनांक 02.09.2019 को हो चुकी है। श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री मांगीलाल ने उक्त भूखाण्ड में से अपना 1/5 हिस्सा जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 24.06.2024 द्वारा अपने पुत्रों श्री पंकज कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार को दान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

घटिया सामग्री की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

■ निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

बीदासर । ग्राम पंचायत ढाणी स्वामीयान में महानरेगा योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर मॉडल तालाब के नाम से करोडों की लागत से ढाणी स्वामीयान, रामदेवरा, कोठिनडा, ढाणी पोटलियान, देवली तलाई सहित कुल 5 जगहों पर मॉडल तालाब (जलाशयों) के निर्माण कार्यो व सार्वजनिक जोहड़ में लाखों की लागत से नवनिर्मित कुण्ड निर्माण कार्यो में सरपंच हीरा देवी, सरपंच पति मोहनराम व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी की अधिकारियों के साथ सांठगांठ के चलते हुए गबन, अनियमितता एवं घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग से तालाबों के पहली बरसात में ध्वस्त होने की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रामदेवरा के सामाजिक कार्यकर्ता जोधाराम जाट व ढाणी पोटलियान निवासी जगदीश प्रसाद पोटलिया के नेतृत्व में बुधवार को ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के आगे धरना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच, उसके पति और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यों में अनियमितताएं बरतकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया और राजकोष को भारी हानि पहुंचाई गई है, शिकायतकर्ताओ की कोई सुनवाई नहीं हो रही है स्थानीय अधिकारियों द्वारा उच्च अधिकारियों को मिथ्या सूचनाएं भेजकर हर बार गुमराह किया जा रहा है। जांच करने आई टीमों द्वारा भी निष्पक्ष जांच नहीं की गई।

जिसके चलते राज्य स्तरीय जांच कमेटी द्वारा अभी तक विभाग को जांच रिपोर्ट नहीं सौपीं गई। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने पर जगदीश प्रसाद पोटलिया, जोधाराम जाट, पंकज गुसाईंवाल, लिखमाराम, जैताराम, रामचंद्र सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहें।

महावीर इंटरनेशनल वीरा बहनों ने भीषण ठंड में बच्चों को बांटे स्वेटर

सीकर । महावीर इंटरनेशनल वीरा बहनों ने भीषण ठंड में बच्चों के लिए भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र की अध्यक्ष सनु मोदी ने बताया ने बताया इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद बच्चों को राहत पहुंचाना है। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिसे हम पूरे समर्पण भाव के साथ निभा रहे हैं।कोषाध्यक्ष शिवानी तिवाड़ी ने कहा सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना एक सराहनीय कार्य है, और हमारी वीरा बहनें हमेशा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाती रहेगी।इस अवसर पर अध्यक्ष सनू मोदी, सचिव किरण खेतान, कोषाध्यक्ष शिवानी तिवाड़ी, मंजू लोहिया, तुलसी अग्रवाल, पूनम बजाज, मनीषा झाझुका, सुरेश अग्रवाल, नीतू पारीक, अरुण जांगिड़ और अन्य महिला सदस्य उपस्थित रही।

स्वेटर पाकर सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने के इस कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद किया। आमजन ने वीरा बहनों के इस कार्य की सराहना की। महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सीकर ने इस आयोजन के माध्यम से समाजसेवा का एक और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वीरा बहनों द्वारा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया गया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :– न.पा.ता/2024–25/4987 दिनांक :– 07.01.2025

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि नियमन, पट्टा नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

क्र.स.	आवेदक का नाम व पिता का नाम	वार्ड नं.	ऑनलाईन आवेदन	आवेदन सं.	कुल तादादी (वर्गमीटर)	प्रयोजनार्थ
1.	राजेन्द्र प्रसाद सगतानी पुत्र हनुमान प्रसाद सगतानी	7	195731	4452	131.47	69ए नियमन
2.	मानसिंह पुत्र रामानन्द सैनी	9	194833	4453	127.73	69ए नियमन
3.	इन्द्रसिंह पुत्र गिरधारीलाल	26	202823	2150	295.99	कृषिभूमिनियमन
4.	आनन्द कुमार पुत्र छगनलाल	34	107995	194	187.36	पट्टानामान्तरण
5.	पंकज कुमार कस्वां पुत्र दिनेश कस्वां	25	113149	197	632.26	पट्टानामान्तरण
6.	भंवर कंवर पत्नी कल्याण सिंह	13	111053	196	148.62	पट्टानामान्तरण
7.	विक्रमजीत सिंह पुत्र रिजूदमन सिंह	13	111054	195	148.62	पट्टानामान्तरण
8.	पंकज जांदू पुत्र जीताराम जांदू	19	41	142	42.26	भवननिर्माणस्वी.
9.	हजरत न्यामतुला दरगाह जरिये सचिव मोहम्मद यासीन	15	45	147	518.76	भवननिर्माणस्वी.
10.	बजीरा बानो पत्नी भंवरू खां	19	46	146	96.60	भवननिर्माणस्वी.

राज.संवाद/सी/24/10041 अधिशाषी अधिकारी